राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से राजभवन में मूक छात्र–छात्राओं ने की मुलाकात

दिव्यांग बालक–बालिकाओं के कल्याण हेतु हो प्रभावी प्रयास – राज्यपाल

जयपुर, 10 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दिव्यांग बालक–बालिकाओं के कल्याण के लिए सभी स्तरों पर प्रभावी प्रयास कर उन्हें लाभान्वित करने का आह्वान किया है। उन्होंने ऐसे बच्चों की पढ़ाई के लिए विशेष शिक्षकों की समुचित व्यवस्था करने और स्वावलम्बन के लिए तकनीकी शिक्षा से जुड़े अधिकाधिक अवसर प्रदान किए जाने पर भी प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मूक–बधिर बच्चों को यदि समुचित सुविधाएं समयबद्ध प्रदान की जाती है तो वे सामान्य से अधिक सफल होकर दिखला सकते हैं।

शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल से मूक एवं अन्य दिव्यांग छात्र–छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने अभिव्यक्ति वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती संगीता गौड़ के नेतृत्व में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से राजधानी जयपुर में आवासीय व्यावसायिक केन्द्र स्थापित करने, पोलिटेक्निक पढ़ाई से जुड़ी सुविधाओं के विकास के साथ ही मूक–बधिर तथा अन्य दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष शिक्षको की व्यवस्था किए जाने आदि के संबंध में मांगपत्र भी दिया। राज्यपाल ने मांगपत्र पर समुचित कार्यवाही करने के लिए उसे राज्य सरकार को त्वरित भेजे जाने के निर्देश भी मौके पर ही दिए।

राज्यपाल श्री मिश्र को अभिव्यक्ति संस्था की ओर से उनका बनाया पोट्रेट भेंट किया। राज्यपाल ने दिव्यांग बच्चों के सृजनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार भी मौजूद थे।

———